आज का सुविचार
समय से पहले और भाग्य से ज्यादा न कभी मिला है न मिलेगा।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 63 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## BNS- 22, पागल व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध कब क्षमा योग्य होगा जानिए

विकृत-चित्त(पागल) व्यक्ति वह व्यक्ति होता हैं जो मानसिक विकृति से पीड़ित होता है, इन व्यक्तियों को अच्छे-बुरे, सही-गलत में अन्तर समझ नहीं आता है। यह चार अवस्था में हो सकते हैं-

(1). जड़-बुद्धि व्यक्ति(जन्म से ही पागल हो)।

(2). विक्षिप्त व्यक्ति(बीच-बीच में पागलपन के दौरे आना)।

(3). मानसिक दौर्बल्य(लंबी बीमारी के कारण पागल हो जाना)।

(4). मानसिक बीमारी।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

उपर्युक्त व्यक्ति को भारतीय न्याय संहिता में विकृत-चित(पागल) व्यक्ति कहा गया है इनके द्वारा किया गया अपराध कब क्षमा योग्य होगा जानिए।

**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की 22 की परिभाषा:** कोई विकृत-चित व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध अपराध नहीं माना जायेगा क्योंकि ऐसे व्यक्ति को अच्छे-बुरे की पहचान नहीं होती है न ही उनको कोई समझने की शक्ति होती है इस लिए ऐसे व्यक्ति द्वारा किया गया अपराध BNS की धारा 22 के अंतर्गत क्षमा योग्य होगा।

**नोट-** शराब या नशीली चीज(गांजा, ड्रग्स आदि) करके किया गया अपराध किसी भी प्रकार से क्षमा योग्य नहीं होगा ।

# सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी : राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल द्वारा बीएमएचआरसी में डीएनए सिक्वेंसर मशीन लोकार्पित



**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। सरकार और समाज की सहभागिता से ही सिकल सेल रोग का उन्मूलन होगा। सिकल सेल की जांच, उपचार, औषधि एवं जेनेटिक कार्ड वितरण में सरकार अच्छा कार्य कर रही है। समाज को भी आगे आना होगा। वर्ष 2047 में कोई भी बच्चा सिकल सेल रोग के साथ जन्म नहीं ले। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर व्यक्ति को मेरा भी योगदान हो, इस भाव के साथ सिकल सेल उन्मूलन में जुड़ना होगा। उन्होंने बी.एम.एच.आर.सी. के सिकल सेल उन्मूलन प्रयासों में डीएनए सिक्वेंसर मशीन प्रयोग शाला की स्थापना को सकारात्मक पहल बताते हुए सराहना की है। राज्यपाल श्री पटेल भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आयोजित सिकल सेल पर केन्द्रित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संस्थान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला के लोकार्पण अवसर पर किया गया था। इससे पूर्व राज्यपाल श्री पटेल ने आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला का लोकार्पण और अवलोकन किया।

रोगियों को किट प्रदान की। बीएमएचआरसी के सक्षमता केन्द्र से दिग्दर्शिका के प्रकाशन का लोकार्पण किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल सेल को समाप्त करने में हर व्यक्ति सहयोग कर सकता है। प्रयास करना होगा कि सिकल सेल रोगियों का आपस में विवाह नहीं हो, क्योंकि उनके बच्चे शत प्रतिशत सिकल सेल रोगी होगें। ऐसे प्रयास भी किए जाए कि वाहक युगल भी आपस में विवाह नहीं करें। वाहक दंपतियों के प्रत्येक गर्भधारण में संतान के रोगी होने की सम्भावना 25 प्रतिशत होगी।

## मध्यप्रदेश में गिद्ध संरक्षण को मिल रही नई दिशाः मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन में नए आयाम जुड़ रहे हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों का संरक्षण न केवल जैव विविधता की रक्षा के लिए आवश्यक है, अपितु पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की दृष्टि से भी अनिवार्य है। प्रदेश में गिद्ध संरक्षण को भी नई दिशा दी जा रही है। भोपाल स्थित केरवा गिद्ध प्रजनन केन्द्र से 6 गिद्धों को बुधवार को पहली बार प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि राज्य सरकार ने गिद्धों सहित अन्य पशु पक्षियों की संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं।

## पंचायत सचिवों और रोजगार सहायकों की स्थानांतरण नीति शीघ्र होगी घोषितः मंत्री श्री पटेल




भोपाल। पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला योजना समिति की बैठक हुई। बैठक में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम कल्पना चावला पॉलिटेक्निक कालेज करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मेसर्स गोकुलदास एक्सपोर्ट लिमिटेड बैंगलोर के सहयोग से शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्रावास में सिलाई एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों के स्थानांतरण की नीति शीघ्र घोषित होगी। इसके अनुसार ही स्थानांतरण किए जाएंगे।

# पंचायतें विकसित होंगी तभी विकसित रीवा का सपना साकार होगा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

- **पंचायत पदाधिकारी अधिकारों की मांग के साथ कर्तव्यों का पालन करें : मंत्री श्री पटेल**
- **पंचायतों के वित्तीय प्रबंधन और प्रशासन के समन्वय से ही होगा विकास**



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा में पंच-सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद पंच-सरपंचों से संवाद का स्वागत योग्य अवसर आया है। रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री पटेल की पहल से ग्राम पंचायतों के विकास को गति मिलेगी। ग्राम पंचायतों का विकास होगा तभी रीवा का विकास संभव है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गांव के विकास के लिए पर्याप्त राशि प्रदान कर रहे हैं। रीवा जिले में केवल जल जीवन मिशन से ही तीन हजार करोड़ रुपए के निर्माण कार्य मंजूर किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आवास प्लस का 98 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। रीवा में लाखों गरीब परिवारों को इनसे पक्के आवास मिले हैं। बेसहारा गायों के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया गया है। गौशाला में प्रत्येक गाय के लिए प्रतिदिन 20 रुपए की राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी गई है। स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने के लिए 3500 डॉक्टरों और 10 हजार चिकित्सा कर्मियों की भर्ती इस माह अक्टूबर माह तक पूरी कर ली जाएगी।

# डर्मेटोलॉजिस्ट बिना चल रहे त्वचा रोग क्लिनिक्स को किया बंद अनुमति बिना संचालन पर सीएमएचओ की कार्यवाही

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल के निर्देश पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में संचालित क्लिनिक्स की जांच की गई। जांच के दौरान म प्र उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम के तहत बिना पंजीयन चल रहे तथास्तु डेंटल, स्किन स्माइल क्लीनिक, द एस्थेटिक वर्ल्ड, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक के विरुद्ध कार्यवाही कर इनका संचालन बंद करवाया गया है। प्राथमिक जांच में स्किन स्माइल क्लीनिक, कॉस्मो डर्मा स्किन एंड हेयर क्लीनिक में त्वचा रोगों एवं सौंदर्य समस्याओं का उपचार किया जाना पाया गया है , जबकि यहां पर डर्मेटोलॉजिस्ट पदस्थ नहीं है।निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालकों द्वारा दल को आवश्यक दस्तावेज भी नहीं दिखाई जा सके। सी एम एच ओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने इन सभी क्लिनिक्स को नोटिस जारी कर संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए हैं।अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय में संलग्न व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई हेतु पुलिस, नगर निगम,




औषधि प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण मंडल को सूचना दी गई है।समय-समय पर निजी सेवा प्रदाताओं एवं संस्थाओं का निरीक्षण कर समुचित कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे व्यक्तियों की डिग्री, चिकित्सा पद्धति, काउंसिल का पंजीयन , म प्र उपचार्यगृह एवं रूज़ोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम , गुमास्ता लाइसेंस की जांच की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी अनुमति के विपरीत अथवा बिना सक्षम अनुमति के निजी स्वास्थ्य संस्थाओं का संचालन अवैधानिक है।

निजी चिकित्सा व्यवसायी शासन द्वारा निर्धारित सभी अनुमतियां प्राप्त करने के बाद ही चिकित्सा व्यवसाय करें अन्यथा उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जायेगी । मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित ) 2021 के उल्लंघन करने पर क्लिनिक्स का संचालन बंद किया गया है। साथ ही आगामी आदेश तक केंद्र में किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं किए जाने की हिदायत दी गई है।

# श्रमिकों को जो कम्पनी में नियमित कर्मचारी नहीं है संबल योजना से जोड़ा जायेगा

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग प्लेटफार्म वर्कर्स श्रमिकों सहित सभी श्रेणियों के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी वितरण के लिए एक व्यापक डेटाबेस ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा भी गिग प्लेटफार्म वर्कस की सामाजिक सुरक्षा लक्षित करते हुए इस श्रेणी के श्रमिकों को संबल योजना के जोड़ा गया है। भारत सरकार ने केन्द्रीय बजट 2025-26 में गिग प्लेटफार्म वर्कस को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) के विस्तार की घोषणा की है इसके अलावा उन्हें ई-श्रम पर पंजीकृत किया जाएगा और पहचान पत्र प्रदान किये जाएँगे। गिग प्लेटफार्म वर्कस के ई-श्रम पोर्टल तथा संबल पोर्टल पर पंजीयन हेतु 7 से 17 अप्रैल तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। ई-श्रम का पंजीयन किसी भी सी.एस.सी. सेन्टर पर उपस्थित होकर नि:शुल्क कराया जा सकता है। संबल योजना के पंजीयन हेतु किसी भी एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क से आवेदन किया जा सकता है।भोपाल जिले में कार्यरत गिग प्लेटफार्म वर्कस जैसे जोमेटो, स्वीगी, ईट श्योर, फूड पांडा, अमेजोन, फ्लिपकार्ट, बिग बास्केट, ग्रोफर, जेप्टो, ब्लिंकिट, बेस्ट प्राईस, मेट्रो, डी-मार्ट, ओला, उबर, जुगनू, रेपिडो आदि में कार्य करने वाले ऐसे कर्मचारी जो कम्पनी में नियमित कर्मचारी नहीं है से अपील है कि वे अपना ई-श्रम पोर्टल पर तत्काल पंजीयन कराकर योजना का लाभ उठाये।

# स्टार वॉर्स शैली की लेसर हथियार प्रणाली विकसित करने वाला चौथा देश बना भारत युद्ध क्षेत्र में भारत की बड़ी उपलब्धि

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भारत ने हाल ही में एक उन्नत लेसर तकनीक विकसित की है, जो ड्रोन और अन्य हवाई खतरों को नष्ट करने में सक्षम है। इस तकनीक को स्टार वॉर्स शैली की लेसर हथियार प्रणाली कहा जा रहा है, जो भारत को इस क्षेत्र में अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों की श्रेणी में ला देगी ।इस प्रणाली को मार्क-2(ए) लेसर-डायरेक्टेड एनर्जी वेपन (डीईडब्ल्यू) सिस्टम कहा जाता है, जिसे स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। यह प्रणाली 30-किलोवाट लेसर बीम का उपयोग करके ड्रोन और अन्य हवाई खतरों को नष्ट करने



में सक्षम है ।इस तकनीक के कुछ मुख्य विशेषताएं हैं लेसर बीम यह प्रणाली एक शक्तिशाली लेसर बीम का उपयोग करती है जो ड्रोन और अन्य हवाई खतरों को नष्ट करने में सक्षम है।

हाई-स्पीड इंगेजमेंट यह प्रणाली बहुत तेजी से ड्रोन और अन्य हवाई खतरों को नष्ट करने में सक्षम है।सटीकता यह प्रणाली बहुत सटीक है और ड्रोन और अन्य हवाई खतरों को नष्ट करने में सक्षम है बिना किसी नुकसान के।कम लागत यह प्रणाली बहुत कम लागत पर काम करती है, जो इसे एक किफायती विकल्प बनाती है।

# भोपाल में भिक्षावृत्ति रोकने विभिन्न चौराहों पर अधिकारियों की निगरानी में चला अभियान

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भोपाल के आदेशानुसार भोपाल जिले को भिक्षावृति से पूर्णरूप मुक्त कराने के अभियान में एमपीनगर एसडीएम के नेतृत्व में व्यापम चौराहा, बोर्ड ऑफिस, ज्योति टॉकीज, डीबी मॉल चौराहा पर भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग, कलेक्टर कार्यालय से तथा सामाजिक न्याय विभाग से श्रम विभाग से अधिकारी अभियान टीम में शामिल हुए। बोर्ड ऑफिस चौराहा पर दो व्यक्ति भीख मांगते पाए जिन्हें समझाइश देकर आश्रय गृह कोलार रोड, भोपाल में रखा गया। अभियान के दौरान यह देखने में आया कि भिखारियो ने अब भीख मांगने का नया तरीका खोजा है जिसके तहत वह अपने पास पेन,अखबार, स्टिकर जैसी चीजें रखकर उसकी आड़ में भीख मांगते हैं तथा उन पैसों से नशा करते हैं, ऐसे कार्य करने वाले लोगों को भी एसडीएम द्वारा समझाइश दी गई। अभियान से जहां भोपाल शहर भिक्षावृत्ति मुक्त होगा, वही आश्रय गृह में भिखारियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों कार्य की व्यवस्था की गई जिससे वह आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर सम्माननीय जीवन - यापन कर सके।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती पर जयसिंहनगर में शोभा यात्रा के साथ हुआ रंगारंग कार्यक्रम





**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

मध्यप्रदेश/जयसिंहनगर - दिनांक 15.4.2025 को जयसिंह नगर के ष्टरूराइज स्कूल मैदान से शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, स्कूल मैदान में शाम को मंचीय कार्यक्रम में विविध कार्यकमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समिति के अध्यक्ष श्री शंकुलाल अहिरवार जी ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की और उन्होंने बताया कि बाबा साहब को याद करने का जिम्मेदारी मानव के हर वर्ग की है, बाबा साहब ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर संविधान की रूपरेखा तैयार की ,विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किया ।



आयोजन समिति के सदस्यों में प्रमुख रूप से दिलीप वर्मा एडवोकेट दीपक वर्मा एडवोकेट, रवि वर्मा, प्रकाश अहिरवार एडवोकेट , हेतराम अहिरवार एडवोकेट, सुरेंद्र ,रोहित, विकास, विजय वर्मा ,धर्मेंद्र अहिरवार, नीरज अहिरवार ,कमलेश अहिरवार, डॉ मुकेश,भूपेंद्र वर्मा ,कैलाश अहिरवार, डॉक्टर बी.एल.कोल, डॉ पी .डी.बौद्ध, रामपाल अहिरवार,अरुण, सचिन, रामचरित ,नीरज, सूतेश्वर ,कैलाश अहिरवार एडवोकेट, अजीत, अशोक, रमेश, गोरेलाल, अमृतलाल, शांति ,श्रीमती अनिता वर्मा एडवोकेट ,दिव्या वर्मा एडवोकेट, पूनम अहिरवार, अजीत के साथ कई गांव से पधारे ग्राम वासियों ने अपनी सहभागिता विशेष रूप से कार्य करने की कार्यक्रम में की कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों में डॉक्टर संतोष सोनकर ,अंजू गौतम जिला पंचायत सदस्य , डॉक्टर बी.डी.रावत डॉक्टर एस.ब.चौधरी डॉक्टर शंकर सिंह डॉक्टर राजेश ,छोटेलाल अहिरवार ,गुड़िया अहिरवार ,रणजीत सिंह, पुरुषोत्तम सिंह मरावी ,रुद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, मानस किशोर सिंह एडवोकेट ने कार्यक्रम सभी लोगों ने उत्साह पूर्वक अपना योगदान दिया।

## इन्दौर पहुंचकर डॉ. बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

महूं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती के शुभ अवसर पर कृष्णा चौधरी ने महूं, इन्दौर पहुंचकर डॉ. बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कृष्णा चौधरी ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के विचारों को समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने का एक सार्थक प्रयास करूंगा, जो हमें सामाजिक न्याय, समता, बंधुत्व और संविधान की मूल भावना के प्रति जागरूक करता है। डॉ. अम्बेडकर ने हमेशा शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए आवाज उठाई। उनकी सोच आज भी हर वर्ग, हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कृष्णा चौधरी कहते हैं आइए हम सब मिलकर उनके दिखाए मार्ग पर चलें और एक न्यायपूर्ण एवं समतामूलक समाज के निर्माण में योगदान दें।

## साहब की 134वीं जयंती पर जिला स्तरीय आयोजन सभी सामाजिक बंधुओं से शामिल होने की अपील




**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

शहडोल/पोड़ी - भारतीय संविधान के निर्माता, वंचितों के महीसा भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती को बड़े ही धूमधाम और सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एक विशाल जन आंदोलन जो कि रैली के रूप में पोड़ी पंचायत के मुख्य मार्गो से होकर पोड़ी के ही मैदान पर समाप्त होगी एवं जनसभा का जिला स्तरीय आयोजन किया जा रहा है, जिसका आवाहन सभी मुख्य सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एकता, संविधान के मूल्यों की रक्षा और बाबा साहब के विचारों का प्रसार करना है। सभी अंबेडकरवादी अनुयायियों एवं संविधान में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

**कार्यक्रम विवरण-**

**तिथि-** 20 अप्रैल 2025, दिन रविवार

**समय-** प्रात: 11:00 बजे से

**स्थान-** ग्राम पंचायत पोड़ी, तहसील जयसिंहनगर,जिला - शहडोल, (मध्यप्रदेश)

कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, आरक्षण सुरक्षा, शिक्षा, समानता एवं अधिकारों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। आयोजकों द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाएं और बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करें। अपील कर्ताओं में वरिष्ठ समाजसेवी, सभी वरिष्ठ एवं युवाओं ने कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।

# राज्यमंत्री ने आमाडांड़ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 22 लाभार्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

## सभी भू-स्वामियों को रोजगार दिलाने हम प्रयासरत-राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल



**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर /आमाडांड़। अनूपपुर 17 अप्रैल 2025/ मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हों यह हमारा दायित्व है कि जिन लोगों ने विकास के लिए अपनी भूमि दी है, उन्हें उनका समुचित अधिकार मिले उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की केन्द्र और राज्य सरकार लोगों के कल्याण एवं हित के लिए दिन रात मेहनत कर रही है तथा मध्य प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल आज आमाडांड़ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री ने भूमि अधिग्रहण के एवज में 22 भू-स्वामियों के परिजनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए मंत्री श्री जायसवाल ने सभी लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की नियुक्ति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे कार्यक्रम में एसईसीएल के लोकप्रिय महाप्रबंधक त्रिपाठी जी वरिष्ठ अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

# पिपरिया गांव में दर्दनाक सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, कार पहुंची शोरूम

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**




अनूपपुर/ कोतमा। कोतमा थाना क्षेत्र में ऐसी कई घटना है जिनका खुलासा हुए बिना ही फाइल बंद हो जाती हैं और कैसे रफा दफा हो जाता है एक बड़ी घटना अभी हाल ही में सामने आई जिसमे पिपरिया गांव में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे के बाद कोतमा पुलिस की लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैए को लेकर आमजन में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि 55 वर्षीय लखन सिंह निवासी पिपरिया कार की टक्कर से हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस न तो आरोपी तक पहुंच पाई है और ना ही घटना को लेकर यह स्पष्ट कर पाई कि कार चला कौन रहा था? यहां सबसे आश्चर्य की बात यह है कि पिपरिया की घटना के उपरांत कार कोतमा के शोरूम पहुंच गई। बताया जाता है कि घटना के बाद जो कार एमपी 01 सीएल 6830 खेत में पलटी हुई पाई गई थी, उसे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा शोरूम में छोडकर चला गया। यहां भी विचारणीय बात यह है कि शोरूम में कोई भी व्यक्ति कार नहीं अंदर ला सकता। यहां तो सिर्फ सेल के लिए वाहनों को रखा जाता है। लेकिन पुलिस को यह भी नहीं पता कि वह कौन था, शोरूम में वाहन कैसी पहुंची? यह स्थिति पुलिस की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी भी मीडिया को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। सर पर इतनी गंभीर चोट लगी थी कि जिला अस्पताल लाने से पहले ही व्यक्ति की मौत हो चुकी थी सीएचसी कोतमा में प्राथमिक उपचार के बाद जब घायल लखन सिंह को जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर किया गया, तब तक उनकी हालत बेहद नाजुक थी। डॉ. बेबी नाजे ने बताया कि व्यक्ति की मौत सिर में गहरी चोट के कारण पहले ही हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों का नाराज होना लाजमी था, मृतक के भतीजे ने बताया कि हमें पुलिस से सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। अगर पुलिस की मंशा साफ होती तो अब तक आरोपी को पकड़ लेती। वहीं परिजनों का आरोप है कि कार को शोरूम में छिपाकर रखने से यह साबित करने की कोशिश की जा रही है कि मामला सामान्य है, जबकि हकीकत में एक निर्दोष की जान गई है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि पुलिस या तो जानबूझकर आरोपी को बचा रही है या फिर मामले में प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के कारण इसे छिपा रही है। सवाल यह है कि शोरूम में रखी कार की जानकारी पुलिस को कैसे नहीं है? सीसीटीवी क्यों नहीं खंगाले गए? क्या एक आम जन के जान की कीमत कुछ नहीं, यहां पुलिस अपनी जिम्मेदारियों से क्यों भाग रही है। अगर पुलिस का यही रवैया रहा तो आमजनों से पुलिस का विश्वास उठ जाएगा?

### इनका कहना है

अस्पताल से अभी मार्ग डायरी नहीं आई है जानकारी मिली थी कि दुर्घटना ग्रसित कार शोरूम में रखी हुई है, जहाँ से कार को जब्त कर लाया गया है। कार कौन चला रहा था शोरूम में कार किसने छोड़ा इसकी जानकारी भी जुटाई जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी

**सुंदरेश सिंह मरावी, थाना प्रभारी कोतमा**

# बैंक में रुपए जमा करने गए किसान के पास एक ही सीरीज के मिले 500 के 11 नकली नोट, मामला हुआ दर्ज

## नकली नोट गिरोह सक्रिय होने की आशंका

**अनूप गुप्ता**

शहडोल। शहडोल जिले में नकली नोटों का कारोबार एक बार फिर सुर्खियों में है। ताज़ा मामला जिले के इंडियन बैंक से सामने आया है , इंडियन बैंक में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक किसान द्वारा बैंक में जमा कराए जा रहे रुपयों में नकली नोट पाए गए। जमुई गांव निवासी किसान सूर्यांश सिंह बघेल जो खेती-बाड़ी से संबंधित पैसों को बैंक में जमा करने गया था। किसान द्वारा लाए गए 1 लाख रुपये में से बैंक कर्मियों ने नकली नोटों की पहचान की, जिनकी संख्या 11 थी। आश्चर्यजनक रूप से, सभी नकली नोटों का सीरियल नंबर



एक ही था, जिस पर बैंक कर्मियों ने मामले की शिकायत कोतवाली में की ,कोतवाली पुलिस मामला दर्ज के मामले की पड़ताल में जुट गई है ।

### 11 नोट निकले नकली

जिले के जमुई के रहने वाले किसान सूर्यांश सिंह खेती किसानी की रकम 1 लाख उसे उस व्यक्ति से मिली थी, जिसे उसने अपना खेत अधिया पर दिया है। जब वह इस रकम को इंडियन बैंक में जमा करने पहुंचा, तो बैंक कर्मचारियों ने नोट गिनने की मशीन में पैसे डालते ही शक जाहिर किया। मशीन से बाहर आए 11 नकली नोटों को देख सभी हैरान रह गए। इन सभी नोटों पर एक ही सीरियल नंबर था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह नकली नोट एक ही जगह से छापे गए हैं। बैंक प्रबंधन ने तुरंत मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने किसान सूर्यांश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 179 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ये नकली नोट कहां से आए और इसे किन-किन लोगों तक पहुंचाया गया।

**पहले भी आया था ऐसा ही मामला:** गौरतलब है कि इसी प्रकार का एक मामला कुछ समय पहले बुढार रोड स्थित एक्सिस बैंक के (ATM) में भी सामने आया था, जहां से नकली नोट निकलने की पुष्टि हुई थी। यह घटनाएं इशारा करती हैं कि शहडोल में किसी संगठित गिरोह की सक्रियता है, जो बिहार से संचालित होने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की गाइडलाइन के अनुसार, यदि किसी एक व्यक्ति के पास चार से अधिक नकली नोट मिलते हैं, तो यह आपराधिक मामला बन जाता है और इसकी सूचना सीधे पुलिस को दी जाती है। बैंकों को भी इस बारे में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसी स्थिति में रिपोर्ट दर्ज कराएं।

**जांच पड़ताल में जुटी पुलिस:** शहडोल में नकली नोट गिरोह की सक्रियता आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। ऐसे में ज़रूरत है कि लोग नकदी लेन-देन करते समय सतर्क रहें, खासतौर पर बड़े लेन-देन में नोटों की जांच अवश्य करें। वहीं इस पूरे मामले में कोतवाली प्रभारी राघवेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन बैंक में 11 नकली नोट मिलने पर बैंक के तरफ से शिकायत की गई थी, शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति जिसने बैंक में पैसा जमा किया और नकली नोट निकले उसके खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है ।

# संविधान गौरव सम्मान समारोह 2025 में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति राज्यपाल होंगे शामिल।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**




रायसेन। 19 अप्रैल 2025 को मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के सिलवानी तहसील के प्रातापगढ़ में आगामी शनिवार को संविधान गौरव सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक विद्यालय ग्राउंड में प्रात: 10 बजे से आरंभ होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे मध्यप्रदेश शासन के महामहिम राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में श्री प्रियम कांनूगु, सदस्य ङ्क राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (भारत सरकार) एवं श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, राज्य मंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, म.प्र.) उपस्थित रहेंगे। समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता श्री कुँवर राजवर्धन सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह आयोजन आयुध रिसर्च फाउंडेशन एवं आयुध डिजिटल मीडिया के तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसमें The Asia Foundation, VISA और NAMO Foundation सह-आयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन के सचिव श्री उदयभान सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान और सामाजिक सरोकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। समारोह में समाजसेवा, शिक्षा, मानवाधिकार और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

# नगर परिषद देवरी में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती शोभायात्रा के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई।







**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

देवरी। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के पावन अवसर पर नगर परिषद देवरी में एक भव्य चल समारोह (शोभायात्रा) का आयोजन किया गया। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चल समारोह की शुरुआत नगर परिषद कार्यालय से हुई, जहाँ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात बैंड-बाजों, झांकियों और नारों के साथ शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुज़री। शोभायात्रा में स्कूली बच्चे, सामाजिक संगठन, महिला समूह एवं आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। झांकियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान, और शिक्षा, समानता व सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया। जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र सिंह रघुवंशी, पार्षदगण दिनेश बघेल एवं गोटीराम बघेल रमन बामने नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# बरेली नगर में बड़े धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, भीम आर्मी, अहिरवार समाज संघ व मुस्लिम भाईचारे की रही भागीदारी

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

बरेली (रायसेन ), 14 अप्रैल — संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के अवसर पर बरेली नगर में इस वर्ष भव्य आयोजन हुआ। नगर की सड़कों पर उत्साह, रंग और समरसता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम में भीम आर्मी, अहिरवार समाज संघ के सभी पदाधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग और विशेष रूप से मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने सामाजिक सौहार्द



का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद नगर में एक भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें डीजे, बैंड-बाजे, आकर्षक झांकियां और नारे गूंजते रहे — जय भीम, बाबा साहब अमर रहें, संविधान जिंदाबाद। भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं अहिरवार समाज संघ के वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने और शिक्षा को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम की सबसे ख़ास बात रही मुस्लिम समाज की सक्रिय भागीदारी, जिन्होंने न सिर्फ बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी, बल्कि उनके विचारों को अपनाने का संकल्प भी दोहराया।

यह दृश्य सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक बना। नगर के युवाओं ने तिरंगा और बाबा साहब की तस्वीरें हाथों में लेकर जुलूस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया और शीतल जल की व्यवस्था की।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर कोचिंग सेंटर के द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई रैली






**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**

मध्यप्रदेश/सतना - भारतीय संविधान के जनक ,विश्व रत्न,दुनिया के महानतम अर्थशास्त्री, नारी मुक्ति दाता, महान समाज सुधारक,सामाजिक समरसता, समानता एवं ,विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत देश के संविधान रचयिता भारत रत्न परम पूज्य बोधिसत्व भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में डॉ. भीमराव अम्बेडकर कोचिंग सेंटर आमौधा अम्बेडकर वार्ड नं 1 सतना के द्वारा दिनांक 15 अप्रैल 2025 को सुबह 10ः00 बजे से कोचिंग सेंटर के छात्र छात्राओं के द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ अमौधा नई बस्ती , करही पार, टावर वाला आमौधा ,शेरगंज नई बस्ती आदि जगहों से भीम धम्म विशाल यात्रा एवं रैली निकाली जाएगी अमौधा बाबा साहब प्रतिमा के पास कोचिंग संचालक राकेश कुमार बौद्ध के द्वारा संविधान की उद्देशिका का वाचन एवं माल्यार्पण कर भंडारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से सुनील चौधरी,शिवमोहन अहिरवार, राजाबाबू अहिरवार,गुल्लू बादशाह, उमेश वर्मा,राजन चौधरी ,रमेश अहिरवार,प्रदीप अहिरवार, अच्छेलाल अहिरवार,कमलेश प्रजापति,प्रीति अहिरवार, अल्लू,शिवानी वर्मा एवं अनेकों छात्र छात्राये मौजूद रहे।

# अवैध मदिरा का परिवहन करते सुरेश को पुलिस ने टू व्हीलर सहित किया गिरफ्तार

ज्ञानचन्दशर्मा/बालाघाटपुलिस अधीक्षक नगेंद्रसिंह द्वारा जिले में अवैध रूप से मदिरा निर्माण,परिवहन एवम् विक्रय पर रोक लगाने हेतू लगातार निर्देश जारी किए जा रहे थे जिसके परिपालन में हट्टा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी सुरेश बांगरे पिता मार्कन बांगरे उम्र 33 वर्ष निवासी चिखला थाना नवेगांव को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब का परिवहन करते समय सालेटेका और दहिगढ़वा के बीच घिसर्री नदी पर बने पुल के पास शनिवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकल क्र.द्वश्च50 5ष 8035को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है ।जप्तशुदा मदिरा व मोटरसाइकल की कुल कीमत करीबन 62 हजार रूपए है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना हट्टा में अपराध क्रमांक 52/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।गिरफ्तारशुदा आरोपी के विरुद्ध थाना हट्टा व नवेगांव में पूर्व से ही आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत कई मामले पंजीबद्ध है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा उपनिरीक्षक अविनाश राठौर, सहायक उपनिरीक्षक नंदकिशोर दोनोडे,प्रधान आरक्षक निखलेश अग्निहोत्री, आर. बजरंग पांचे, आर. गोविंद बघेल,सैनिक देवलाल ठाकरे की सराहनीय भूमिका रही।

# उदयपुरा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उदयपुरा द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी कि जयंती मनाई।




**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। अंबेडकर भवन परिसर उदयपुरा मैं संपन्न हुआ,कार्यक्रम का शुभारंभ,, बाबा साहब की मूर्ति पर,, सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर किया गया,, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में,, बृजेंद्र सिंह जी राजपूत,, अध्यक्ष नगर परिषद प्रतिनिधि,, श्री बृज गोपाल जी लोया,, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा,, केशव सिंह जी पटेल,, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उदयपुरा,, श्री शिबू लाल जी साहू,, उपाध्यक्ष नगर परिषद उदयपुरा,, श्री अभिषेक जी श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर मेहरा जी ,, वरिष्ठ श्री राकेश दीक्षित जी ,,श्री संजय रघुवंशी जी मंडल महामंत्री वरिष्ठ समाज सेवी भगवान सिंह जी,, सुनील कहार जी ब्लॉक सामन्यक राममोहन रघुवंशी एवं,, डॉ अंबेडकर भवन समिति के अध्यक्ष,, श्री बाल कृष्ण जी नरवरिया जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ,, कार्यक्रम में आगे श्री बृज गोपाल लोया जी ने कहा कि, डॉ अंबेडकर जी का जीवन बड़ा संघर्षों में बीता, और बाद में,, हमें संविधान का इतना बड़ा,, उपहार बाबा साहब ने दिया, शिक्षा की अलग को गांव-गांव तक जागने का काम बाबा साहब ने किया,, जातिवादी व्यवस्था में संघर्ष करते हुए,, हमेशा हमारा देश कैसे आगे बढ़े इस पर हमेशा चिंतन रहा और दुनिया का सबसे अच्छा संविधान भारत का आज है तो डॉक्टर बाबा साहब के



कारण है,, आज हम एक सच्चे भारत रत्न की जयंती मना रहे हैं इसमें हमें गर्व है,, कार्यक्रम में अच्छे कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं का,, शील्ड देकर सम्मान किया गया,, जनप्रतिनिधि द्वारा सम्मानित किए गए सम्मानित व्यक्तियों में,, श्री बालकृष्ण जी नरवरिया,, श्री रमन बामने जी,, श्री हल्के वीर जी पत्रकार ,, श्री अमर सिंह जी जनपद पंचायत कार्यालय उदयपुरा,, सभी को जन अभियान परिषद की तरफ से,, मूवमेंटों के द्वारा सम्मान किया गया,, जन अभियान परिषद नवंकुर संस्थाओं से, श्री लक्ष्मण सिंह जी राजपूत,, श्री जगदीश नामदेव,, श्री मोहन सिंह जी धाकड़,, सतपाल राजपूत जी,, शेख सलीम जी, परामर्शदाता श्री भरत छीपा जी,, राजेश लोधी जी,, प्रमोद कडेले जी,, निरंजन जी,, गीता व्यास मैडम जी bs2 ms2 छात्रों सहित लगभग 250 लोग उपस्थित रहे,,प्त राम मोहन रघुवंशी विकासखंड समन्वयक उदयपुरा जिला रायसेन।

# ग्राम पंचायत कुदरी में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

**कैलाश कुमार - सह संपादक ( युवा प्रदेश )**



मध्यप्रदेश/कुदरी - आज ग्राम पंचायत कुदरी में ग्रामीणों द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुदरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गांव के कई लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम विशेष अतिथि के रूप में हीरामणि अहिरवार, कैलाश अहिरवार (एडवोकेट), रामपाल, विश्राम साकेत ,मंधारी , राजेश , उदय शंकर, अजीत, सचिन, रामकिशोर नापित, राहुल , दिनेश, रामटहल ,अरुण, सुफल रैदास (शिक्षक) आदि ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम के अनेक गणमान्य की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। विश्राम साकेत ने अपने संबोधन में कहा, डॉ. आंबेडकर ने भारत को एक समतामूलक समाज की दिशा दी। आज हम जिस लोकतंत्र और संविधान पर गर्व करते हैं, वह उनकी ही दूरदर्शिता का परिणाम है। कुदरी ग्राम वासियों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, समानता और संविधान के प्रति निष्ठा का एक जीवंत उदाहरण रहा।

# 30 साल पुरानी पानी की समस्या का हुआ समाधान, ग्राम सरपंच किरण देवेंद्र पटेल की सूझबूझ से चमका चीकली गांव।





हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

चीकली रायसेन। जिन गांवों में दशकों पुरानी समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहती हैं, वहीं ग्राम पंचायत चीकली ने मिसाल पेश की है। यहां पिछले 30 वर्षों से चली आ रही पेयजल संकट की समस्या को ग्राम की सरपंच किरण देवेंद्र पटेल ने कुछ ही महीनों में दूर कर दिखाया। आज चीकली के हर घर में नल से पानी पहुंच रहा है और ग्रामीणों के चेहरे पर संतोष की मुस्कान है। ग्राम चीकली में वर्षा आधारित जल स्रोत और सूखते कुएं वर्षों से समस्या का कारण बने हुए थे। गर्मी के मौसम में तो हालात और भी बदतर हो जाते थे — महिलाओं को मीलों दूर जाकर पानी लाना पड़ता था। लेकिन जब किरण देवेंद्र पटेल ने सरपंच पद की जिम्मेदारी संभाली, उन्होंने पानी की समस्या को सबसे पहले प्राथमिकता दी। ग्रामवासियों से चर्चा कर समस्या को गहराई से समझा और ठोस योजना बनाई। उन्होंने जल जीवन मिशन, नल-जल योजना एवं ग्राम निधियों का समुचित उपयोग करते हुए गांव में पाइपलाइन विस्तार, पानी टंकी का निर्माण एवं नल कनेक्शन की व्यवस्था करवाई। साथ ही पुराने बोरवेल को रिचार्ज किया गया और वर्षा जल संचयन के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

कुछ ही महीनों में ग्राम चीकली जल संकट से मुक्त हो गया। गांव की एक बुजुर्ग महिला कहती हैं, अब हमें सुबह सुबह उठकर पानी भरने नहीं जाना पड़ता। यह पहले कभी सपना लगता था। सरपंच किरण देवेंद्र पटेल ने कहा, यह बदलाव गांववासियों के सहयोग से ही संभव हो पाया। हमारा अगला लक्ष्य है स्वच्छता और जल संरक्षण की दिशा में जनजागृति लाना। आज चीकली गांव एक प्रेरणा बनकर उभरा है।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 सी जयंती पर खीर प्रसाद व शरबत वितरण का ऐतिहासिक कार्य




कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)





मध्यप्रदेश/सोहागपुर - दिनांक 14 अप्रैल 2025 को डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के 134वीं जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित संयुक्त जयंती कार्यक्रम किया गया। जिसमें विश्व विजेता सम्राट अशोक जी की जयंती 4 अप्रैल, शिक्षा के जनक महात्मा फूले जी की जयंती 11 अप्रैल एवं विश्व में मसीहा के रूप में पूजे जाने वाले डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर जी की जयंती 14 अप्रैल को संयुक्त जयंती के रूप में मनाया गया। सोहागपुर शहर के जाने माने सीनियर अधिवक्ता सुदामा अहिरवार के द्वारा यह कार्यक्रम देश में समरसता व सद्भाव का संदेश देने हेतु उन्होंने खीर प्रसाद व शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महत्वपूर्ण दिन के सभी कार्यक्रम का संपूर्ण खर्चा एडवोकेट सुदामा प्रसाद ने ही किया उन्होंने बताया कि मेरे बाबा ने मुझे इस लाइफ बना दिया है कि मैं बगैर चंदा इकट्ठा किया बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मना सकता हूं समाज में समरसता के लिए सोहागपुर के तमाम हस्तियों को एक मंच पर लाकर एडवोकेट सुदामा ने बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है उन्होंने इस कार्य की नगर सुहागपुर में काफी सराहना की जा रही है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान्यवर भुजवल सिंह अहिरवार, पूर्व राज्य मंत्री विशेष अतिथि स्वामी इशानांनद सरस्वती जी, पं0 सतपाल पलिया जी, पुष्पराज पटेल जी एवम प्रांजल तिवारी जी रहे हैं कार्यक्रम में बृजेश आर्य, मूलचंद मेधोनिया व गुमान माण्डेले , डॉक्टर श्याम जी युवा ,नेता गणेश अहिरवार ,सुमित्रा रानू मालवीय, नीरज चौधरी ,कल्लू सोनी, गोलू मेहरा ,महेश चौरसिया, हबीब खान, हरीश मेहरा, उमेश पटेल, लेख राम अहिरवार व समस्त सोहागपुर के समस्त नागरिकों की उपस्थिति में खीर प्रसाद व शरबत का वितरण किया गया। समाज के हर वर्ग का इस कार्यक्रम में बड़ा योगदान रहा जिससे सोहागपुर ही नहीं पूरे नर्मदा पुरम जिले में सराहना की जा रही है एडवोकेट सुदामा अहिरवार के इस कार्य से जनता काफी खुश है और वह चाहती है कि ऐसे कार्यक्रम भविष्य में होते रहे।





# घर-घर बाबासाहेब, हर घर बाबा साहेब का लिया गया संकल्प

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**भोपाल (म.प्र.), 14 अप्रैल 2025** — आधुनिक भारत के शिल्पकार, शोषित-पीड़ितों के मसीहा, ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती डॉ. बी. आर. अंबेडकर समिति, नवीन छावनी रायसेन रोड भोपाल के तत्वावधान में बड़े ही धूमधाम और सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, बच्चे और ग्रामवासी आदमपुर छावनी से उपस्थित हुए और रैली में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कई गरिमामयी अतिथियों ने, जिनमें प्रमुख नाम रहे। सेवानिवृत्त टी.आई. चौधरी अमानसिंह नरवरिया जी (संस्थापक, अहिरवार समाज संघ)

माननीय राजेश अहिरवार जी (प्रदेश अध्यक्ष, अहिरवार संघ)

माननीय अनिल सिंह गुर्जर जी (प्रदेश अध्यक्ष, भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी युवा मोर्चा)

माननीय प्रशांत ठाकुर जी (बीजेपी बिलखरिया मंडल अध्यक्ष)

बीरू भैया जी (सरपंच, छावनी)

अतर सिंह भारतीय जी, छोटेलाल अहिरवार जी एवं अन्य सम्माननीय व्यक्ति कार्यक्रम में समिति के समस्त सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख नाम हैं-ःस्व1 मोहन अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, बालकिशन जाटव, सरन त्रिपालिया (सचिव), हीरा लाल अहिरवार, जितेंद्र अहिरवार, नीलेश सूर्यवंशी, महेंद्र अहिरवार, कैलाश अहिरवार, कांसीराम अहिरवार, गणपत अहिरवार, खुमान अहिरवार, धनीराम अहिरवार। बाबासाहेब की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस जयंती पर स मिति द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई — महिलाओं को महात्मा ज्योतिबा फुले, माता सावित्रीबाई फुले, डॉ. अंबेडकर, तथागत गौतम बुद्ध व अन्य महापुरुषों की 100 तस्वीरें भेंट की गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही डीजे के साथ निकाली गई भव्य रैली, जो बाबा साहब के नारों से गूंजती रही —

जय भीम! जय भारत! जय संविधान!

डॉ. बी.आर. अंबेडकर समिति का यह संदेश जन-जन तक गयाः

घर-घर बाबासाहेब, हर घर बाबा साहब!

यह आयोजन न सिर्फ एक जयंती समारोह था, बल्कि एक सामाजिक चेतना का पर्व भी बन गया।



## आवाहन पत्र

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती समारोह
दिनांक- 20 अप्रैल 2025
स्थान- नगर उदयपुरा, जिला रायसेन (म.प्र.)
प्रिय सामाजिक साथियों,
सादर जय भीम!

आप सभी को यह अवगत कराते हुए हर्ष हो रहा है कि संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, मानवता के रक्षक डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के पावन अवसर पर दिनांक 20 अप्रैल 2025, रविवार को नगर उदयपुरा में एक भव्य चल समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर हम बाबा साहब के जीवन, संघर्ष एवं विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराएंगे। आपसे विनम्र आग्रह है कि समय पर पधारकर इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनें एवं आयोजन को सफल बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

समय- प्रात: 10:00 बजे से
स्थान- डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल, नगर उदयपुरा
हल्केवीर सूर्यवंशी
(युवा सामाजिक कार्यकर्ता,)
आओ मिलकर करें प्रण ये नारा,
बाबा साहब का सपना साकार हमारा!

# शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में अंबेडकर जयंती का आयोजन

**नर्मदापुरम।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक 2487/741/आउशि/ शाखा-5 अ/2025 भोपाल दिनांक 13/04/2025 के परिपालन में शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में अंबेडकर जयंती का आयोजन 14 अप्रैल को किया गया द्व बाबासाहेब डॉ. बी. आर. अंबेडकर जी की 135 वीं जयन्ती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया । कार्यक्रम में बाबासाहेब के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गया । इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का वाचन कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी श्री शिवाकान्त मौर्य के निर्देशन में किया गया।




## राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई।



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका इकाई द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वच्छ भारत अभियान चलाकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया गया।कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर इरा वर्मा द्वारा , डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा भारतीय संविधान में भारतीय समाज को शिक्षित करने,एकताबद्ध और सुसंगठित भारतीय समाज का निर्माण करना और ,नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाने की बात करी गई, कार्यक्रम में भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला शिक्षित समाज सुसंगठित समाज,आत्म निर्भर नागरिक,और एकता अखंडता,सामाजिकता और सामाजिक सद्भावना का संदेश डॉक्टर प्रीति आनंद ने दिया. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भी अपने विचारों विचारों को रखा।

## इफ्फको के चेयरमैन से तपस्या नारी सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिदा ठाकुर ने मुलाकात की



पत्रकार बीआर अहिरवार। इफ़को चेयरमैन श्री दिलीप भाई संघानी जी से ऑल इंडिया एनजीओ संघ गांधीनगर टीम ने मीटिंग की संस्था के कार्य करने हेतु चर्चा की गई इस अवसर पर तपस्या नारी सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संचालक रिशिदा ठाकुर जी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर एसएफआई भोपाल द्वारा माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

**भोपाल।** भारतीय संविधान के निर्माता, महान सामाजिक सुधारक और मानवता के मार्गदर्शक डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर एसएफआई भोपाल जिला इकाई द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोष्ठी में उपस्थित साथियों ने बाबा साहेब के विचारों, सिद्धांतों और उनके सामाजिक संघर्षों पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को एसएफआई के राज्य संयुक्त सचिव कॉमरेड दीपक पासवान ने मुख्य रूप से संबोधित किया, जिन्होंने बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के मूल मंत्र पर जोर देते हुए आज के युवाओं से उनके दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन भाषण सोनू अहिरवार द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने समाज में व्याप्त अन्याय और विषमता के विरुद्ध संगठित संघर्ष तेज करने की बात कही। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब द्वारा दिखाए गए मार्गों पर प्रकाश डालते हुए, उनके सपनों के भारत—एक समतामूलक, शिक्षित और न्यायपूर्ण समाज—को साकार करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों के अधिकारों की रक्षा हेतु संघर्ष को और अधिक सशक्त, संगठित और प्रभावशाली बनाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से जितेंद्र मंड्रे, अभिषेक अहिरवार, सोनू निगम, संदीप, भगवान सिंह, भूपेंद्र अहिरवार, विक्रम अहिरवार, हेमू अहिरवार, पवन अहिरवार, रवि कुमार ,राजेन्द्र मंड्रे सहित अन्य साथी उपस्थित रहे ।



## समरसता ,समता एवं भाईचारा का संदेश देते हुए डा. अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर खीर, शरबत वितरण कर धूमधाम से मनी

**मूलचन्द मेंधोनिया पत्रकार भोपाल**

सोहागपुर। भारतीय संविधान निर्माता पूज्य बाबा साहेब डा. अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती सोहागपुर जिला नर्मदपुरम में एडवोकेट सुदामा अहिरवार के द्वारा खीर शरबत वितरण कर नगर में बहुत धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर पूर्व राज मंत्री भुजबल अहिरवार के मुख्य अतिथि के थे। जबकि विशेष अतिथि के रूप में पुष्पराज पटेल, सतपाल पलिया, मूलचन्द मेंधोनिया पत्रकार, बृजेश आर्य एवं नगर सोहागपुर के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बाबा साहेब डा. अम्बेडकर जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर, केक काटकर सम्पन्न हुआ बहुजन समाज के महापुरुषों के चित्रों पर फूल मालायें पहनाकर नमन किया। अनुसूचित जाति के महान क्रांतिकारी शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के चित्र पर माला पहना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट सुदामा के द्वारा मुख्य अतिथि विशेष अतिथियों को पगड़ी पहनाकर एवं नीले गमछे से स्वागत किया गया। शहीद वीर मनीराम अहिरवार के सुपौत्र मूलचन्द मेंधोनिया को भी पगड़ी व गमछे से सम्मानित किया गया। डा. अम्बेडकर जी की जयंती पर नरसिंहपुर जिले के मिशनरी गायक कविराज उमेश एवं उनकी पार्टी द्वारा महापुरुषों पर आधारित रंगारंग प्रस्तुति दी इनके अलावा मिशनरी गायक चंदन अहिरवार के द्वारा भी अम्बेडकर जी के जीवनी पर भजन गायें। सोहागपुर नगर एवं क्षेत्र में पहली बार समरसता के रूप में इतिहासिक आयोजन रहा एडवोकेट सुदामा के प्रयासों की जा रही सराहना नगर सोहागपुर के पुराने थाना के सामने डा. अम्बेडकर की जयंती पर हुये प्रसाद के रूप में खीर और शरबत हर आने जाने वालों को वितरण किया गया। यह आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चलता रहा। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट सुदामा ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों विशेष अतिथि एवं नगर एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया गया।



स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)